वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 246 बुधवार 3 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# जयपुर में भाजपा का सफाई अभियान, महापुरुषों की प्रतिमाओं को चमकाया

**राजधानी के प्रमुख चौराहों पर लगी हुई महापुरुषों की मूर्तियों को भाजपा के जयपुर शहर के बूथ, मंडल और प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा साफ-सफाई करने के बाद माल्यार्पण किया।**



**जयपुर. कासं।** नववर्ष में मेरा सपना-स्वच्छ जयपुर हो अपना और स्वच्छ जयपुर, स्वच्छ प्रदेश के उद्घोष के साथ भाजपा का सघन स्वच्छता अभियान मंगलवार से शुरू हुआ। पहले दिन जयपुर शहर में महापुरूषों की मूर्तियों को साफ किया गया। अभियान के तहत शहर के 63 स्थानों पर स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। राजधानी के प्रमुख चौराहों पर लगी हुई महापुरुषों की मूर्तियों को भाजपा के जयपुर शहर के बूथ, मंडल और प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा साफ-सफाई करने के बाद माल्यार्पण किया। इस दौरान शहर के स्टेच्यू सर्किल पर जयपुर शहर के संस्थापक महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय की प्रतिमा, जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित गांधी सर्किल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा, त्रिमूर्ति सर्किल पर शहीदों की प्रतिमाओं के साथ अम्बेडकर सर्किल पर डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की साफ सफाई की गई। अभियान में प्रदेश, जिला, मंडल पदाधिकारी, सांसद, विधायक, पार्षद, विधायक प्रत्याशी, किसान मोर्चा, एसटी मोर्चा, सामाजिक संगठन, व्यापार मंडल स्तर के कार्यकर्ता शामिल हुए। गौरतलब है कि पार्टी ने युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, विशेष संपर्क प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सोमकांत शर्मा और उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रघुनाथ नरेडी को अभियान का समन्वयक बनाया है। 30 दिसंबर से 05 जनवरी तक विशेष स्वच्छता सप्ताह मनाया जा रहा है।

## तनसिंह को पुष्पांजलि अर्पित



उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक पूज्य तनसिंह को पुष्पांजलि अर्पित किया। उन्होंने इंद्रा कुष्ठ आश्रम में महात्मा गांधी और अंबेडकर सर्किल मुरलीपुरा में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिभा पर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही विद्याधर नगर स्टेडियम में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत के समाधि स्थल पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अभियान के समन्वयक सोमकांत शर्मा, नरेश बंसल, वार्ड 42 पार्षद विरेंद्र सिंह शेखावत सहित स्थानीय कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ये भी अभियान में हुए शामिल

भाजपा सांसद रामचरण बोहरा ने पं. दीन दयाल उपाध्याय की मूर्ति की साफ सफाई करने के बाद माल्यार्पण किया। इस दौरान रवि नैय्यर, पार्षद सुनील दत्ता, सुरेश नावरिया सहित कई स्थानीय गणमान्य लोग मौजूर रहे। हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने हीदा की मोरी स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर साफ सफाई करने के बाद माल्यार्पण किया। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सर्राफ ने मालवीय नगर स्थित गांधी सर्किल पर स्वच्छता अभियान चलाकर महात्मा गांधी की प्रतिमा की सफाई की और माल्र्यापण किया। अभियान के तहत महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा की सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा, उप महापौर पुनीत कर्नावट, पूर्व महापौर निर्मल नहाटा, सुनील कुमावत एवं विमल कटियार ने सफाई की। सघन स्वच्छता अभियान के तहत आदर्श नगर भाजपा प्रत्याशी रवि नैय्यर ने जवाहर नगर मंडल सेठी कॉलोनी पार्क में अर्जुन लाल शेट्टी की प्रतिमा को साफ सफाई कर माल्यार्पण किया।




# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति की नई टीम ने मनीष लोंग्या के नेतृत्व में ली शपथ

## रंगारंग म्यूजिकल कार्यक्रम से हुआ स्वागत 2024, डॉक्टर पियूष त्रिवेदी ने निशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा की

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति की सत्र 2024- 25 की नई टीम को अध्यक्ष मनीष लोंग्या के नेतृत्व में बालाजी पेरेडाइज, केसर चौराहा, मुहाना मंडी रोड पर शपथ भव्य समारोह में मुख्य अतिथि न्यायाधिपति सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन के जैन, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के कार्याध्यक्ष व सन्मति ग्रुप के संरक्षक सुरेन्द्र - मृदुला पांड्या शपथ विधि अधिकारी तथा रीजन चेयरमैन राजेश- सीमा बड़जात्या विशिष्ट अतिथि ने भव्य समारोह में दिलाई। संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोदिका ने बताया कि इस अवसर पर रीजन के वरिष्ठ पदाधिकारी नवीन सेन - शशि सेन जैन, अतुल- नीलिमा बिलाला, अनिल जैन ret. IPS , सुनील - सुमन बज, नवकार ग्रुप अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल, विराट ग्रुप अध्यक्ष बसंत जैन, वीर सेवक मंडल के अध्यक्ष महेश काला , कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा की भी गोरवमय उपस्थिति रही। निर्वाचित अध्यक्ष मनीष लोंग्या व निर्वाचित सचिव राजेश पाटनी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध आयुर्वेद एवम एक्यूप्रेशर चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर पियूष त्रिवेदी अपनी पूरी टीम के साथ निशुल्क सेवाएं देकर सदस्यो को लाभान्वित किया। मुख्य समन्वयक श्रीमती समता गोदिका द्वारा शपथ ग्रहण पश्चात रंगारंग लाइव म्यूजिकल हाऊजी की प्रस्तुति से सदस्यो को झूमने पर मजबूर कर दिया। ।शपथ ग्रहण से पूर्व प्रसिद्ध गायक राकेश कुमार द्वारा मधुर आवाज में अपने नगमे प्रस्तुत किए।समारोह के प्रारंभ में सयोजको द्वारा मनोरंजक खेल खिलाए गए। ग्रुप स्मारिका के मुख्य समन्वयक दर्शन जैन एवम प्रबंध संपादक अनिल रावका ने बताया कि समारोह में मंगलाचरण व अतिथि स्वागत के पश्चात सर्वप्रथम ग्रुप सदस्यो के बायोडेटा तथा ग्रुप की गतिविधियों की सचित्र जानकारी के साथ एक स्मारिका के कवर का विमोचन अतिथियों द्वारा संपादक मंडल के सदस्यो की उपस्थिति में किया गया। उपाध्यक्ष राकेश संघी के अनुसार कार्यक्रम के लिए समता गोदिका को मुख्य समन्वयक, मीनू पांड्या, पिंकी जैन को समन्वयक तथा मंजू बज व अलका गोधा को सयोजक बनाया गया था। हाई टी के साथ समारोह का समापन हुआ। समारोह का भव्य संचालन ग्रुप उपाध्यक्ष संजय छाबड़ा द्वारा किया गया।














# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति की नई टीम ने ली शपथ

































## वेद ज्ञान

### परिवर्तन में विश्वास...

मूल्यांकन की इच्छा मानव में निरंतर उपजती रहती है। अनजान व्यक्ति से मिलने पर क्षणभर में पूर्ण जीवन कथा जानने की छटपटाहट बड़ा संकट उत्पन्न करती है। सामने वाले को तत्काल प्रभाव में लेने की शीघ्रता समस्या बढ़ाती है। किसी से पलक झपकते ही सर्वस्व ज्ञात करने का सूत्र अभी तक ज्ञात नहीं है।जिसे जिस क्षेत्र का कोई ज्ञान नहीं रहता वह उसी क्षेत्र का यक्ष प्रश्न करता है। शिक्षा संस्थाओं में विषय अनिवार्यता के अलावा अनेक क्षेत्र में धनोपार्जन करने के लिए नए-नए मार्ग खोजे गए हैं। परिश्रमी की भीड़ से अलग सफलता का सार्थक मानदंड खोजने वाले नियम परिवर्तन में विश्वास रखते हैं। समान योग्यता वालों में किसी को सेवा का अवसर मिलने पर ऊंचाई का शिखर मिलते देर नहीं लगती। द्वार से भगाए गए तुलसी की भांति गुरु नरहरिदास की खोज में जीवन गुजर जाता है। वरदानदाता के लिए पैर पकड़कर पीछे खींचने वाले भस्मासुर बन जाते हैं। अपनी सीमा से अधिक कोई पचाना नहीं जानता। समय की आंच में तपकर निखरना सामान्य व्यक्ति के बस की बात नहीं है। पग-पग पर प्रतिकूलता से जूझने वाले लोहा लेते-लेते पारस पत्थर बन जाते हैं। कोयला अधिक ताप के दबाव में हीरा बनकर गौरवान्वित होता है। संकट सहते-सहते सामान्य मनुष्य महापुरुष बन जाता है। प्रशंसा का प्रोत्साहन कृतज्ञता बढ़ाता है।कृतज्ञता योग्यता पहचानने का तत्व है। उगते सूर्य को सभी प्रणाम करते हैं, पर अस्ताचल में जाते सूर्य को छठ पर्व में ही अर्घ्य चढ़ता है। पद का संबंध योग्यता से है। योग्य के स्थान पर अयोग्य को पद थोपकर योग्यता बढ़ाई जाती है। पद को भगवान बनाने के कारण अहंकार में वृद्धि होती है। प्रयास के बगैर प्राप्त फल अकर्मण्यता का पोषक है। अयोग्यता स्वयं से श्रेष्ठ को नकारती है। हाथी की पग-पग पर पूजा ही श्वान का दुख बढ़ाती है। दुर्जन सज्जनता को कायरता मानते हैं। सज्जन निश्छल परिश्रम में जीते हैं। प्रश्न पर अतार्किक प्रश्न करना मूर्खता का प्रतीक है।हर बात में प्रश्न अर्थ का अनर्थ करता है। भरत चित्रकूट में कहते हैं, 'योग्यता के अनुसार मुझे शिक्षा दी जाए।' योग्यता का अर्थ धन, पद नहीं, बल्कि त्याग है।

## संपादकीय

# त्रिपक्षीय समझौते से दिखी शांति की राह

यह एक जगजाहिर तथ्य है कि असम में अलगाववादी समूहों की गतिविधियों की वजह से पूर्वोत्तर के राज्यों में हालात कितने जटिल रहे हैं। इसे सुलझाने के लिए लंबे समय से कई स्तर पर कोशिशें चलती रही हैं, लेकिन शुक्रवार को इस दिशा में बड़ी कामयाबी मिली। दरअसल, असम में सक्रिय यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट यानी उल्फा के एक गुट के साथ केंद्र और असम सरकार के बीच दिल्ली में हुई बैठक में एक त्रिपक्षीय शांति समझौता हुआ। यह पहल इसलिए बेहद महत्त्वपूर्ण है कि पिछले चार दशक में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा के किसी समूह के साथ एक शांति समझौते के मसविदे पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके तहत अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले उल्फा के वार्ता समर्थक गुट ने हिंसा की राह छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमति व्यक्त की। गौरतलब है कि असम बीते कई दशक से उल्फा की हिंसक गतिविधियों से त्रस्त रहा है, जिसमें अब तक दस हजार से ज्यादा लोगों को जान गंवानी पड़ी। काफी जद्दोजहद के बाद अब आकार में आ सके इस त्रिपक्षीय समझौते से यह उम्मीद की जा रही है कि असम में दशकों पुराने उग्रवाद के दौर के अंत की राह खुल सकेगी। दरअसल, असम में उल्फा के अलगाववाद की मांग की जड़ में जिस तरह के सवाल थे, उसकी जड़ें राज्य के विकास और उसमें स्थानीय तबकों की भागीदारी के मुद्दे अहम रहे हैं। मगर इन मुद्दों की जटिलता इससे समझी जा सकती है कि 1979 में उल्फा का गठन ही ह्यसंप्रभु असमह्ण की मांग को लेकर किया गया था। तब से यह संगठन विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहा। यों उल्फा का जो गुट ताजा समझौते में शामिल हुआ है, उसने 2011 से ही हथियार नहीं उठाए हैं और पहले ही हिंसा छोड़ दी थी। जाहिर है, इस दौरान इस समूह को उग्रवाद और हिंसा के जरिए किसी समाधान या अपने मकसद तक पहुंचने की कोशिशों के बेमानी होने की वास्तविकता का आभास हुआ। वहीं सरकार के स्तर पर इस जटिल समस्या के हल की राह निकालने के क्रम में असम के विकास को लेकर अनेक कदम उठाए गए, मगर राज्य में अलग-अलग खेमों में काम कर रहे उग्रवादी गुटों के बीच असंतोष बना रहा। अब ताजा समझौते में इसी मुद्दे को केंद्र में रखते हुए केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा है कि असम को एक बड़ा विकास पैकेज दिया जाएगा और मसविदे के प्रत्येक खंड को पूरी तरह लागू किया जाएगा। असम में अलगाववादी गतिविधियों को खुराक राज्य की सांस्कृतिक पहचान और संसाधनों पर उनके हक के सवाल से मिल रही थी। दूसरी ओर, तथ्य यह भी है कि उल्फा के विद्रोह और उग्रवादी गतिविधियों की वजह से राज्य में विकास कार्य बाधित हुए थे। केंद्र सरकार के साथ समझौते में इससे संबंधित मुख्य बिंदुओं को भी संबोधित किया गया है।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# ब्रह्मांड में ब्लैक होल का रहस्य

ब्रह्मांड से जुड़े अनेक तथ्य आज भी अवधारणाओं तक सीमित हैं। वैज्ञानिक खोजों के जरिए उन पर से पर्दा हटाना अब भी एक बड़ी चुनौती है। कृष्ण विवर यानी ब्लैक होल भी एक ऐसा ही रहस्य है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जब भी कोई तारा अपने भीतर सिकुड़ जाता है तो कृष्ण विवर में परिवर्तित हो जाता है। उस खाली जगह का गुरुत्वाकर्षण इतना तीव्र होता है कि वह आसपास के तारों को भी अपने भीतर खींच लेता है। इस तरह उनका द्रव्यमान भी उसी में समाहित हो जाता है। अवधारणा है कि अरबों वर्ष बाद सूर्य भी एक कृष्ण विवर में परिवर्तित होकर दूसरे तारों को अपने में समाहित करना शुरू कर देगा। माना जाता है कि इसी तरह एक दिन सारे ग्रह ब्लैक होल में समा जाएंगे। मगर अभी तक किसी कृष्ण विवर की विश्वसनीय तस्वीर सामने नहीं आ सकी है। जो भी तस्वीरें उपलब्ध हैं, वे वैज्ञानिकों की कल्पना पर ही आधारित हैं। अब इस रहस्य पर से पर्दा उठाने के मकसद से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने एक्स-रे पोलरिमीटर यानी एक्सपोसैट का प्रक्षेपण किया है। इससे अंतरिक्ष में एक ऐसी वेधशाला स्थापित की जाएगी, जो विशेष रूप से कृष्ण विवर का ही अध्ययन करेगी। हालांकि इससे पहले कृष्ण विवर के अध्ययन के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र नासा अपनी एक वेधशाला स्थापित कर चुका है। मगर उसकी उम्र केवल दो साल की थी, जो अब समाप्त होने को है। भारतीय एक्सपोसैट के पांच साल तक काम करने का अनुमान है। इस तरह यह वेधशाला अधिक समय तक अंतरिक्ष में रह कर ब्लैक होल का पता लगाने और उससे जुड़े तथ्य जुटा पाने में सक्षम होगा। भारत पहले ही चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान तृतीय की ह्यसाफ्ट लैंडिंगह्ण करा कर और सूर्य का अध्ययन करने के उद्देश्य से आदित्य एल-1 का प्रक्षेपण कर अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों का परचम लहरा चुका है। एक्सपोसैट का प्रक्षेपण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अगर इस अभियान में इसरो कृष्ण विवर से जुड़े रहस्यों पर से पर्दा उठाने में कामयाब रहता है, तो निस्संदेह यह दुनिया के अंतरिक्ष अनुसंधान में बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। नब्बे के दशक तक भारत को उपग्रह प्रक्षेपण के मामले में भी दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता था, अब वह न केवल इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर हुआ है, बल्कि दुनिया के उपग्रह प्रक्षेपण के बाजार में विकसित देशों से होड़ कर रहा है। अब वह अपने बूते बहुत कम लागत में उपग्रह निर्माण कर अनुसंधान के लिए भी भेजना शुरू कर चुका है। एक्सपोसैट उसी की अगली कड़ी है। दरअसल, ब्रह्मांडीय विचलनों के चलते पृथ्वी ग्रह पर जीवन को लेकर अनेक चुनौतियां पैदा होने लगी हैं। चूंकि सौरमंडल के सारे ग्रह गुरुत्वाकर्षण बल के जरिए ही परस्पर जुड़े, एक-दूसरे को संतुलित करते हुए गतिमान हैं, इसलिए मंदाकिनी के तारों का अचानक लुप्त होना और अपने पीछे एक ब्लैक होल छोड़ जाना सौरमंडल के लिए खतरे का संकेत है। इनका द्रव्यमान इतना सघन और गुरुत्वाकर्षण इतना तीव्र होता है कि प्रकाश की किरणें भी उनके पार नहीं जा पातीं। वे उन्हें अवशोषित कर लेते हैं। इनका अध्ययन उन उपायों की तलाश का रास्ता भी खोलेगा, जिनसे कृष्ण विवर के खतरों से पार पाया जा सके। एक्सपोसैट पचास संभावित ब्रह्मांडीय स्रोतों से निकलने वाली ऊर्जा का पता लगा सकेगा।

# तपोस्थली बोलखेड़ा पर आचार्य पदारोहण दिवस एवं उपाध्याय पद संस्कार समारोह आज



कामा. शाबाश इंडिया। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण व जैन धर्म के अंतिम अनुबद्ध केवली भगवान जम्बू स्वामी की कठोर तपोस्थली ग्राम बोलखेड़ा पर बुधवार तीन जनवरी को आचार्य वसुनंदी महाराज का नवम आचार्य पदारोहण दिवस एवं उपाध्याय पद संस्कार समारोह का भव्य आयोजन जम्बूस्वामी तपोस्थली प्रबन्धकारिणी समिति द्वारा आयोजित किया जाएगा। तपोस्थली के अध्यक्ष रमेश चंद गर्ग के अनुसार दिगंबर जैन आचार्य वसुनंदी महाराज का नवम आचार्य पदारोहण दिवस के साथ ही संघस्थ मनी ज्ञानानंद महाराज एवं मुनि जिनानंद महाराज को उपाध्याय पद प्रदान किया जाएगा। जैन धर्म के सबसे बड़े मंत्र णमोकार महामंत्र के माध्यम से पँचपरमेष्ठी को नमस्कार किया जाता है जिसमे चतुर्थ परमेष्ठी उपाध्याय होते हैं। तपोस्थली के प्रचार प्रसार मंत्री संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि आचार्य वसुनंदी महाराज को कुंदकुंद भारती दिल्ली में समाधिस्थ दिगंबर जैन आचार्य विद्यानंद महाराज ने 3 जनवरी 2015 आचार्य पद प्रदान किया था।

# मुख्य सचिव सुधांशु पंत का किया अभिनंदन



जयपुर. शाबाश इंडिया। राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांशु पंत से उनके कार्यालय पर निर्मल जैन सोगानी जैन समाज के अध्यक्ष ने भेट कर नए साल की बधाई एवं कार्यभार सँभालने पर हार्दिक अभिनन्दन किया।

# भीलवाड़ा शहर महिला मंडल द्वारा नव वर्ष का स्वागत गुरु दर्शन वंदन यात्रा से



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा शहर महिला मंडल के तत्वावधान में नव वर्ष को प्रभु पारसनाथ के चरणों में समर्पित किया ।महामंत्री मधु लोढ़ा ने बताया कि महिला मंडल की 50 बहने प्रभु भक्ति का स्मरण करते हुए कोटड़ी चारभुजा नाथ, चंवलेश्वर पारसनाथ भगवान और जहाजपुर मंदिर के दर्शन करते हुए पुनः भीलवाड़ा पहुंचे ।मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंघवी ने बताया कि मंडल की बहनों को मोटिवेट करने के लिए उनको धर्म से जोड़ने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करते हैं ।मंडल की संरक्षिका प्रेम देवी खमेसरा व ललिता पीपाड़ा ने बताया कि कार्यक्रम बहुत ही मनोरंजन व धार्मिक गतिविधियों से परिपूर्ण था ।दिन भर में कई प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से बहनों को प्रोत्साहित किया गया ।सह मंत्री अरुणा पोखरणा व नीता खटवड़ ने बताया कि बहनों के उत्साह को देखते हुए इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन भी अति आवश्यक होता है ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आगे भी करते रहना चाहिए। अर्पिता खमेसरा व डिंपल सिंघवी ने बताया कि इस अवसर पर मंडल की रेखा पीपाड़ा, सुनीता बागचार, पिंकी कोठारी, अजब देवी लोढ़ा, चंचल छाजेड़, इंदिरा खमेसरा, लाड देवी बम, मीना मारू, राजेश देवी आंच लिया सहित कई बहने उपस्थित थीं। कार्यक्रम के समाप्ति पर अध्यक्ष मंजू सिंघवी का भाव भिना अभिनंदन व स्वागत किया गया। मंत्री मधु लोढ़ा ने सभी का आभार अभिव्यक्त किया।



# राज्यपाल कलराज मिश्र से भेंट कर भगवान महावीर निर्वाणोत्सव पर की चर्चा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समिति (रजि.) एवं आचार्य श्री प्रज्ञसागर जी मुनिराज की पावन प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से पूरे भारतवर्ष में भगवान महावीर का 2550 वाँ निर्वाण महोत्सव मनाया जा रहा है।इसी संबंध में भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समिति (रजि.) के पदाधिकारियों साहिल जैन(राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री), न्यायाधिपति नरेंद्र कुमार जैन, राज कुमार कोठारी एवं मनीष बैद आदि ने राजस्थान के राज्यपाल महामहिम कलराज मिश्रा से मुलाकात कर निर्वाण महोत्सव के राज्यस्तरीय आयोजन पर चर्चा की ।

# कबड्डी और खो खो प्रतियोगिता का समापन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जागृति विद्या मंदिर में आयोजित कबड्डी और खो खो प्रतियोगिता का आज समापन हुआ।यह आयोजन स्कूल गेम्स डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया गया जिसमें कुल 15 स्कूलों में भाग लिया स्कूल गेम्स डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के जयपुर जनरल सेक्रेटरी नवीन यादव ने बताया कि अंडर 17 में जागृति बॉयज और खो-खो में अंदर 14 में गर्ल्स प्रथम रही और मोरल नॉलेज स्कूल दूसरे नंबर प रहा साथ ही बच्चे राज्य स्तर के प्रतियोगिता के लिए सिलेक्ट हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी सरस्वती प्रिंटिंग इंडस्ट्रीज ग्रुप के अध्यक्ष बसंत जैन रहे ओर विशेष अतिथि कीर्ति शर्मा सरस्वती प्रिंटिंग इंडस्ट्रीज की ब्रांड एम्बेसडर जया मनराल, मंजू शर्मा, श्रीमती पुष्पा स्वामी राजेंद्र शर्मा, भरत शर्मा, डॉ श्वेता शर्मा, नमीता अग्रवाल सभी अतिथियों का श्री नवीन यादव द्वारामाला दुपट्टा से सम्मानित किया गया। ट्रॉफीज ए मेडल सरस्वती प्रिंटिंग इंडस्ट्रीज एवंएअफवेलफेयर फाउंडेशन द्वारा दिए गए, सभी विजेता टीम अब राज्य स्तर प्रतियोगिता की तैयारी कर रही है।

# आओ मेरे राम

राम भक्त की धार हैं, राम जगत आधार।
राम नाम से ही सदा, होती जय जयकार।।
*
जगह-जगह पर इस धरा, है दर्शनीय धाम।
बसे सभी में एक से, है अपने श्री राम।।
*
राम सदा से सत्व है, राम समय का तत्व।
राम आदि है अन्त हैं, राम सकल समत्व।।
*
राम-राम सबसे रखो, यदि चाहो आराम
पड़ जायेगा कब पता, सौरभ किससे काम।।
*
राम नाम से मैं करूँ, मित्रों तुम्हे प्रणाम।
जीवन खुशमय आपका, सदा करे श्रीराम।।
*
राम-राम मुख बोल है, संकटमोचन नाम।
ध्यान धरे जो राम का, बनते बिगड़े काम।।
*
रोम रोम में है बसे, सौरभ मेरे राम।
भजती रहती है सदा,जिह्वा आठों याम।।
*
उसका ये संसार है, और यहाँ है कौन।
राम करे सो ठीक है, सौरभ साधे मौन।।
*
हर क्षण सुमिरे राम को, हों दर्शन अविराम।
राम नाम सुखमूल है, सकल लोक अभिराम।।
*
राम नाम है हर जगह, राम जाप चहुंओर।
चाहे जाकर देख लो, नभ तल के हर छोर।।
*
नगर अयोध्या, हर जगह, त्रेता की झंकार।
राम राज्य का ख्वाब जो, आज हुआ साकार।।
*
रखो लाज संसार की, आओ मेरे राम।
मिटे शोक मद मोह सब, जगत बने सुखधाम।।
*
मानव के अधिकार सब, होने लगे बहाल।
राम राज्य के दौर में, रहते सभी निहाल।।
*
रामराज्य की कल्पना, होगी तब साकार।
धर्म कर्म सच श्रम बने, उन्नति के आधार।।
*
राम नाम के जाप से, मिटते सारे पाप।
राम नाम ही सत्य है, सौरभ समझो आप।।
*
मद में डूबे जो कभी, भूले अपने राम।
रावण-सा होता सदा, उनका है अंजाम।।



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

# सेजल पवार बनी मिस इंडिया आइकॉन 2023




**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया**

दिल्ली के एक फाइव स्टार केन्यान बैक्विट में आयोजित मिस इंडिया आइकॉन 2023 फाइनल में सेजल पवार मिस इंडिया आईकॉन सिलेक्ट हुईं। समारोह के मुख्य अतिथि श्री भारत वर्षीय दिगंबर जैन महासभा श्रुत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सरस्वती प्रिंटिंग इंडस्ट्रीज ग्रुप के अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति बसंत जैन बैराठी ने ताज पहना कर सम्मानित किया। मिस इंडिया आइकॉन की डायरेक्टर निशा यादव ने बताया कि फाइनल से पहले भारतवर्ष के 10 बड़े शहरों में जिनमें प्रमुख जयपुर मुंबई , असम, पुणे, गुरुग्राम, इंदौर में 200 से अधिक लड़कियों के ऑडिशन हुए उनमें से 40 लड़कियों का दिल्ली में सेमीफाइनल हुआ उसमें से टॉप 20 लड़कियों का फाइनल के लिए सलेक्शन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य जूरी जयपुर से अनीता माथुर ,मिस्टर जसकीरत सिंह मोनिका चौधरी ,डॉक्टर नवनीत अरोरा एवं मिस हेरिटेज एशिया मिस एशिया बेल प्रमुख थी। कार्यक्रम में पांच राउंड हुए उसमें प्रमुख मॉडर्न फैशन, एथेनिक फैशन राउंड, बोल्ड फैशन राउंड, क्वेश्चन आंसर राउंड आदि को आधार बनाकर सिलेक्शन हुआ' इस भयंकर कंपटीशन में सेजल बेहरा विनर रही साथ ही फर्स्ट रनर दीपा भट्ट, सेकंड रनर अप अल्फा इक्का थर्ड रनर अप, अनामिका सिंह रही इसके अलावा ग्रैंड फिनाले से पहले 7 दिन के लिए ग्रूमिंग सीजर एक्सपर्ट के द्वारा उनके पोज पोस्चर , एक्सप्रेशंस, बॉडी लैंग्वेज और कम्युनिकेशन स्किल पर उन्हें सिखाया गया ' ग्रैंड फिनाले के गारमेंट्स डिजाइनर AAFT, मिस कशीष शर्मा, मिस चंचल राठौर, रुचि चौधरी थे ' मुख्य अतिथि रहे बसंत जैन जोकि कार्यक्रम के राजस्थान कोऑर्डिनेटर भी थे। उन्होंने बताया कि टॉप 10 को भी चुना गया ' फाइनलिस्ट में कुछ सब कंटेस्ट विनर भी रहे जो इस प्रकार है मिस टैलेंटेड. रेचल , मिस फोटोजेनिक अल्फा इका, मिस पॉपुलर कावेरी, मिस पर्सनालिटी मनदीप कौर ,मिस बेस्ट बॉडी जस्मीन ,मिस बेस्ट स्माइल शोभा मिस फैशन आइकन अनामिका मिश्रा, बेस्ट ब्यूटीफुल हेयर जसविंदर कौर ,मिस बेस्ट आई प्रिंसेस, मिस बेस्ट वॉक सेजल पवार, मिस एक्टिव पायल बहरा मिस ब्यूटीफुल दीपा बोट चुनी गई सभी विजेताओं को सभी विजेताओं को सम्मानित जूरी सदस्यों एवं अतिथियों द्वारा क्राउन. एवं सेसे पहना कर बुके देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की डायरेक्टर निशा यादव ने बताया कि टॉपर्स को 1 साल का कांटेक्ट किया गया इसमें उनका बॉलीवुड हॉलीवुड फैशन टीवी आदि के क्षेत्र में काम करने के अवसर प्रदान किए जाएंगे ।कार्यक्रम में श्री भारत वर्षीय दिगंबर जैन महासभा श्रुत के राष्ट्रीय महामंत्री डॉक्टर निर्मल जैन बैराठी एवं जयपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी नरेंद्र उपाध्याय भी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई तथा डायरेक्टर द्वारा मुख्य अतिथि से बसंत जैन को बुके देकर एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर बोलते हुए बसंत जैन बैराठी ने कहा कि निश्चित तौर पर अब समय बहुत बदल चुका है। लड़कियों के लिए फैशन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हो चुके हैं जिसमें धन , ख्याति की प्राप्ति संभव है तथा विश्व पटल पर बहुत बड़े आयोजनों में भारतीय लड़कियां अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है। द मिस इंडिया आइकॉन 2024 फाइनल जयपुर में होने की संभावना है।



# महावीर इंटरनेशनल रॉयल द्वारा देव दर्शन यात्रा

## सदस्यों द्वारा तीर्थ दर्शन और प्रभु भक्ति के साथ मनाया नववर्ष



**ब्यावर. कासं।** सेवा कार्यों में अग्रणी संस्था महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर द्वारा सदस्यों हेतु देव दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें नाकोड़ा तीर्थ, फलवृद्धि पार्श्वनाथ तीर्थ, ऑस्त्रा पार्श्वनाथ तीर्थ, कापरड़ा पार्श्वनाथ तीर्थ, ओसिया जैन तीर्थ के साथ भंवाल माता मंदिर एवं सच्चिय माता मंदिर ओसिया के दर्शन वन्दन के साथ नव वर्ष का शुभारंभ किया। संस्था उपाध्यक्ष दिलीप भण्डारी ने बताया कि संस्था सदस्य पंकज - शिखा सकलेचा परिवार के सहयोग से रॉयल ब्यावर द्वारा तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया। सभी सह यात्रियों ने भक्ति मय माहौल में नववर्ष का अभिनन्दन किया। सकलेचा परिवार द्वारा नाकोड़ा जी में सकुशल यात्रा के उपलक्ष्य में भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। भोग कार्यक्रम के बाद संस्था एवं सदस्यों द्वारा सकलेचा परिवार का अभिनन्दन किया गया। सहसचिव योगेंद्र मेहता ने बताया कि संस्था द्वारा महावीर इंटनेशन के उद्देश्य सबको प्यार सबकी सेवा के तहत विभिन्न तीर्थ परिसर में जरूरतमंद व्यक्तियों को कम्बल का वितरण किया गया। यात्रा के सफल प्रबंधन के लिये सभी सहयात्रियों द्वारा रॉयल ब्यावर की भूरी भूरी प्रशंसा की। दिसम्बर माह में आये संस्था सदस्यों के जन्मदिवस एवं वैवाहिक वर्षगाँठ को ओसिया स्थित बाबा रामदेव होटल में एक साथ केक काटकर मनाया गया। इस यात्रा में अशोक पालडेचा, डॉ. तारेश जैन, ज्ञानचंद कोठारी, रूपेश कोठारी, दिलीप भण्डारी, मनोज सारड़ा, योगेंद्र मेहता, अशोक रांका, दिलीप दक, बाबूलाल आच्छा, रूपचन्द नाहर, रवि बोहरा, जितेन्द्र धारीवाल, संदीप खींचा, अमित बाबेल, पुष्पेन्द्र चौधरी, मुकेश गांग, पदम बिनायकिया, मोहित कांठेड़, नवलेश बुरड़, मुकेश बाफना, कांता पालडेचा, विजयलक्ष्मी दक, वसंता भण्डारी, राजलक्ष्मी धारीवाल, पूजा कोठारी, सारिका खींचा, हेमलता नाहर, रेखा बाबेल, नरेश बंसल, मोतीलाल बम्ब, अशोक बोरुंदीया, नेमीचंद सुराणा, प्रकाश कंवर कांठेड़, रेखा गांग, हेमलता बोरुंदीया, जया सुराणा, सन्ध्या बोहरा, सोनल बिनायकिया, अंजना रांका, मोहित बम्ब, निकिता बम्ब, सिद्धार्थ बम्ब आदि सम्मिलित हुए।

# नववर्ष 2024 का आगाज

## विज्ञातीर्थ क्षेत्र पर हुआ 108 कलशों द्वारा भगवान शांतिनाथ जी का महामस्तकाभिषेक



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ , गुंसी (राज.) के तत्वावधान में नववर्ष 2024 के शुभागमन पर प्रथम बार भगवान शांतिनाथ जी का 108 कलशों से महामस्तकाभिषेक कराया गया। इस कार्यक्रम का आनन्द लेने दूर - दूर से भक्तों ने भाग लिया। हर्षोल्लास पूर्वक शान्तिमन्त्र की आराधना के साथ विधि - विधान पूर्वक मस्तकाभिषेक का आयोजन सम्पन्न हुआ। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अनिल जी बनेठा, मंत्री राजेन्द्र जी बगड़ी एवं कार्याध्यक्ष सुनील जी भाणजा ने बाहर से आये हुये अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। गुंसी ग्राम के सरपंच साहब ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगाये। तत्पश्चात राजकुमार जी करेड़ा वालों ने श्री शांतिनाथ महामण्डल विधान रचाने का सौभाग्य प्राप्त किया ।प्रवचन सभा में उपस्थित श्रावकों के लिए धर्मोपदेश देते हुए माताजी ने कहा कि नये वर्ष में नयी समीचीन सोच को अपनाये ।पुरानी कषायें , वैर - विरोध को हटाकर प्रेम - वात्सल्य की भावना को अंतस में जगाये।

# श्री पार्श्वनाथ दि. जैन मंदिर झोटवाड़ा में संपन्न हुआ त्रिदिवसीय विधान







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य प्रातः स्मरणीय ज्ञान योगी संस्कार प्रणेता आचार्य श्री सौरभ सागर जी गुरुदेव के पावन सानिध्य में त्रिदिवसीय 30 दिसंबर 2023 से 1 जनवरी 2024 तक श्री स्वयंभू चौबीसी विधान, भक्तामर विधान आचार्य परमेष्ठी विधान का आयोजन किया गया। विदाई वर्ष 2023 की पूजा विधान भक्ति भाव के साथ एवं नव वर्ष 2024 का आगाज भक्ति भाव के साथ वह भी आचार्य श्री (गुरूदेव) के सानिध्य में हुआ।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चंद्र छाबड़ा से भेट कर उनसे चर्चा की



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज सांय वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चंद्र छाबड़ा से उनके निवास पर मिले और स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली तथा देश व राज्य की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की।

# गोलाकोट में जन्मदिन मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर के अध्यक्ष डॉ. एम.एल जैन 'मणि' ने अपने जन्मदिन पर गोलाकोट स्थित भगवान आदिनाथ की 3000 वर्ष प्राचीन प्रतिमा पर प्रथम अभिषेक व शान्तिधारा (बोली के माध्यम से) करने का परम सोभाग्य प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त भगवान के 1008कलशों के अभिषेक में भी भाग लिया। डॉ. मणि परिवार सहित 31दिसम्बर की रात यहां पहुंचे व रात के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भक्तामर का पाठ व अन्य भजनों के कार्य में सहभागिता की। अभिषेक में इनके सुपुत्र डां मनीष जैन (सोशल ग्रुप फेडरेशन इन्दौर के निदेशक) व इनके सुपौत्र हार्दिक जैन ने भी अभिषेक व शांतिधारा की। डॉ. शान्ति जैन मणि व डां अलका जैन ने आदिनाथ विधान किया व खनियाधाना के विद्या सागर पब्लिक स्कूल में रह रहे जैन छात्रावास के विद्यार्थियों को भोजन के लिए 11000/- रुपए की राशि देकर पुण्यार्जन किया। इन्होंने इसके अलावा गुणा, बजरंगढ, थुवांजी। चन्देरी, खन्डारगिरी, खनियाधाना, सिरोंज, देवगढ, ललितपुर आदि के भी दर्शन कर पुण्यार्जन किया।

# कुष्ठाश्रम में मनाया "नूतन वर्ष आनंद दिवस"

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सार्थक मानव कुष्ठाश्रम एवं शहर के अन्य कुष्ठाश्रमों के कुष्ठ प्रभावितों में जीवन के प्रति नव चेतना जागृत करने तथा कुष्ठ की वेदना को कम करते हुए उनके जीवन को उल्लासित करने के पावन उद्देश्य से शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने नव वर्ष का आगाज सार्थक मानव कुष्ठाश्रम प्रांगण में ''नूतन वर्ष आनंद दिवस-2024'' समारोह आयोजित कर किया। समारोह में कुष्ठाश्रम के अन्तःवासियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ ईश्वर दत्त माथुर ने गणेश वंदना से की। इसके बाद उपस्थित गणमान्य कलाकारों ने सुमधुर नगमे पेश किये तथा कुष्ठ प्रभावितों के साथ नव वर्ष का केक काटा गया। संस्था अध्यक्ष सुरेश कौल ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में कुष्ठ रोग के प्रति व्याप्त घृणा को समाप्त करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विख्यात तमाशा कलाकार वासुदेव भट्ट, वरिष्ठ रंग कमी नीरज गोस्वामी, ईश्वर दत्त माथुर, गुरमहिंद्र सिंह पूरी 'रोमी', राजेंद्र शर्मा राजू, सौरभ भट्ट, अनिल मारवाड़ी, ओ पी नागपाल, रवि शहगल, आर एस सचदेवा एवं गणमान्य व्यक्ति, संस्था के कार्यकर्ता, शहर के विभिन्न कुष्ठाश्रम के कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति उपस्थित थे। मंच सचालन अनिल मारवाड़ी ने किया।



# भारत सरकार द्वारा श्रवण संस्कृति के दिगंबर जैनाचार्य श्री पर डाक टिकट व सिक्का हुआ जारी

राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया



नई दिल्ली। विश्व की सकल जैन समाज गौरवान्वित एवं समाज के गौरवशाली क्षण युगश्रेष्ठ तपस्वी सम्राट आचार्य श्री सन्मति सागर जी ऋषिराज के 14वे समाधि वर्ष व उनके लघुनंदन चतुर्थ पट्टाचार्य श्री सुनीलसागर जी गुरुदेव के 14 वे पट्टारोहण वर्ष पर माननीय भारत सरकार द्वारा 20रु का सिक्का व डाक टिकिट जारी किया। जिस पर दोनों पूज्यपाद आचार्यो के चित्र आशीष स्वरूप अंकित हुए। जैन समाज प्रवक्ता राजेश जैन दद्दू ने बताया कि 2 जनवरी 2024 को तीन तीर्थंकरो की जन्म भूमि हस्तिनापुर उत्तरप्रदेश की पावन धरा पर पूज्यवर आचार्य श्री सुनील सागर जी गुरुराज के पावन हस्त कमलों से इन डाक टिकिट व सिक्कों का विमोचन गण मान्य अधिकारियो द्वारा किया गया। इंदौर दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद के मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल सोशल फेडरेशन के अध्यक्ष राकेश विनायका हंसमुख गांधी टीके वेद राजीव जैन बंटी संजीव जैन संजीवनी राजेश जैन दद्दू परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन सारिका जैन निर्मला पीसी जैन श्री मती प्रभा जैन आदि ने जैन समाज के लिए गौरवान्वित पल बताया एवं सकल जैन समाज हर्षित हुआ।

### मॉर्निंग वॉक पर मुख्यमंत्री, सिटी पार्क में लोगों से मुलाकात

# 'फिट इंडिया' संकल्प को साकार करने की दिशा में अहम कदम



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घने कोहरे और ओस के बीच अलसुबह जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में मॉर्निंग वॉक किया। उन्होंने वॉक के साथ लोगों से संवाद भी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''फिट इंडिया'' अभियान के संकल्प को साकार करने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का संदेश दिया। इस दौरान अचानक मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लोग पहले तो आश्चर्यचकित हुए, फिर उनके साथ ही कदमताल मिलाते हुए वॉक करने लगे। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि नववर्ष की सुबह प्रधानमंत्री जी ने ''मन की बात'' कार्यक्रम के 108वें संस्करण में भी फिट रहने का संदेश दिया था। इसलिए हर व्यक्ति को फिजिकल एक्टिविटी को बढ़ावा देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी।

# उड़ान फाउंडेशन ने सर्दी में मरीज और उनके परिजनों को किया भोजन वितरित



अजय जैन. शाबाश इंडिया

अम्बाह- मंगलवार को सरकारी अस्पताल में मरीजों व उनके स्वजनों को भोजन वितरण करने की सेवा उड़ान फाउंडेशन अम्बाह के सदस्यों ने की।भीषण सर्दी के चलते गांव-गांव से आए मरीजों व उनके स्वजनों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। इसे देखते हुए संस्था ने भोजन के तौर पर पूड़ी, सब्जी और मिठाई वितरित कर जरूरतमंदों की मदद कर के मानव सेवा का परिचय दिया। उड़ान फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि अस्पताल में दूरदराज क्षेत्रों से सैकड़ों मरीज इलाज कराने आते हैं। उनकी देखभाल के लिए स्वजन भी आते हैं,जो अस्पताल के बाहर भोजन करते हैं लेकिन पिछले कुछ दिनों से सर्दी का प्रकोप होने के कारण स्वजनों को परेशानी न हो इसलिए आज हमारे द्वारा भोजन निःशुल्क वितरित करने की सेवा की गई है। इसमें संस्था के सदस्यों ने अपना अहम योगदान दिया है। हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति भूखा ना रहे, ना ही कोई भूखा सोए। इसी उद्देश्यों की पूर्ति हेतु हम समय-समय पर सेवाएं देते रहते हैं । वही उड़ान फाउंडेशन की महिला सदस्यों द्वारा कुपोषण वार्ड एवं प्रसूता वार्ड में जाकर बच्चों को गर्म कपड़े एवं बिस्किट वितरित किए गए इस दौरान मंयक गुप्ता, श्रीमती अंजली गुप्ता, गिरीश गुप्ता, श्रीमती गीता गुप्ता,सचिन गुप्ता, राखी गुप्ता, उन्नति जैन, अद्रिका गुप्ता, राजकुमारी जैन, राखी जैन,ओम गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद थे।